रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06082020-220925
CG-DL-E-06082020-220925

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 189] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 5, 2020/श्रावण 14, 1942
No. 189] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 5, 2020/SHRAVANA 14, 1942

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2020

प्रारंभिक जांच परिणाम

(मामला सं.ओआई 17/2019)

विषय : चीन जनगण के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "पोलीथीलीन टैरिफथलेट (पीईटी रेसिन)" के आयातों पर पाटनरोधी जांच।

फा.सं.6/24/2019-डीजीटीआर: - क. मामले की पृष्ठभूमि

समय समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 (इसके पश्चात अधिनियम के रूप में संदर्भित) तथा समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आंकलन और संकलन तथा क्षति निर्धारण के लिए)नियमावली 1995 (इसके पश्चात पाटनरोधी नियमावली अथवा एडी रूल्स के रूप में संदर्भित) के संबंध में:

1. जबकि मैसर्स आईवीएल धनसेरि पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड और मैसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (इसके पश्चात आवेदकों अथवा याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग के रूप में संदर्भित) ने सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार चीन जनगण (इसके पश्चात संबद्ध देश के रूप में भी संदर्भित) इसके पश्चात संबद्ध वस्तुओं अथवा विचाराधीन उत्पाद के रूप में भी संदर्भित) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरुआत करने के लिए प्राधिकारी के समक्ष आवेदन दायर किया है।

2. और जबकि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विधिवत् पुष्टि किए गए आवेदन को देखते हुए, प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 9 के अनुसार संबद्ध वस्तुओं के किसी कथित पाटन के मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने के लिए तथा पाटनरोधी शुल्क की मात्रा जिसे अगर लगाया जाए तो घरेलू उद्योग को कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा की शिफारिश करने के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 1 अक्तूबर, 12019 की फाइल संख्या 6/24/2019-डीजीटीआर के माध्यम से पाटनरोधी जांच शुरु की।

ख. प्रक्रिया

3. जांच के संबंध में नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन किया गया है,

क. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 5 के उपनियम (5) के अनुसार जांच की शुरुआत करने की कार्यवाही करने के पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन के प्राप्त होने के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित दिनांक 1 अक्तूबर, 2019 को आम नोटिस जारी किया।

ग. प्राधिकारी ने उपलब्ध सूचना के अनुसार भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 1 अक्तूबर, 2019 की जांच की शुरुआत संबंधी सूचना की एक प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे निर्धारित रूप में और तरीके से संगत सूचना उपलब्ध कराएं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने अनुरोधों से अवगत कराएं।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार भारत में ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देश के दूतावासों को आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति भी उपलब्ध कराई।

ड. भारत में सब्द्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया था कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए अपने देश से निर्यातकों/उत्पादकों को सलाह दें। उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति भी संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नाम और पते के साथ इसे भेजी गई थी।

च. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देश में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं:

i. जियांगसु सनफैनसियांग ग्रुप कं. लि.
ii. झेजियांग वानकई न्यू मैटिरियल्स कं. लि.
iii. फार ईस्टर्न इंडस्ट्रीज (संघाई) लि.
iv. ड्रैगन स्पेशल रेसिन (जियामेनद्व कं. लि.

v. गुआंगडोंग आईवीएल पेट पोलीमर कं., लि.

vi. झोंगजिन इंडस्ट्री कं. लि.

vii. चांगझोऊ हेंगकी प्लास्टिक्सल कं. लि.

viii. चेनगोल्ड

ix. चोंगकिंग पेंगई

x. ड्रैगन स्पेशल रेसिन

xi. फोशन फेमस पोलीमर मैटिरियल्स कं. लि.

xii. गुआंगडोंग आईवीएल पेट पोलीमर कं. लि. (इंडोरामा वेंचर्स)

xiii. हेनन लोंगु कोल केमिकल कं. लि.

xiv झेजियांग झेनबंग केमिकल फाइबर कं. लि.

xv. जियांगसु सेनफंगजियांग ग्रुप

xvi. माओमिंग पैट्रोकेमिकल कंपनी

xvii. झेजियांग यिशेंग पैट्रोकेमिकल कं. लि.

xviii. सिनोपेक यिझेंग केमिकल फाइबर क. लि.

xix. टोंगकुन ग्रुप कं. लि.

xx. हेनन झोंगफु इंडस्ट्रियल कं. लि

xxi. झेजियांग झेंगकई

xxii. युहुआ पोलिस्टर कं. लि.

छ. उपर्युक्त अधिसूचना के उत्तर में, निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों ने उत्तर दिया अथवा निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया:

i. जियांगयिन चेनगोल्ड पैकेजिंग मैटेरियल्स कं. लि.

ii. चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगयिन) पैट्रोकेमिकल कं. लि.

iii. झेंगजियांग वानकई न्यू मेटिरियल्स

iv. जियांगसु जिंगये प्लास्टिक कं. लि.

v. जियांगयिन जिंगयु न्यू मैटिरियल कं. लि.

vi. जियांगसु कनफेम इंटरनेशनल ट्रेड कं., लि.

ज. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग करते हुए भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को प्रश्नावलियां भेजी:

i. गुआला क्लोजर्स इंडिया प्राइवेट लि.

ii. पेपसिको इंडिया होल्डिंग प्रा. लि.

iii. सनराइज कन्टेनर्स लि.

iv. एएसबी इंटरनेशनल प्रा. लि.

iv. स्टारपेट ट्रेडिंग प्रा. लि.

v. मद्रास हार्डटूल्स प्रा. लि.

vii. साईकृपा पोलीमर्स कारपोरेशन

viii. एस एस पोलीमर्स

ix. विनय प्लास्टिक्स

x. केतुल केम प्रा. लि.

झ. मद्रास हाल्ट प्रा. लि. और भारतीय प्लास्टिक संघ द्वारा उत्तर प्रस्तुत किया गया है।

ञ. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रखी गई सार्वजनिक फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर इन प्रारंभिक जांच परिणामों में विचार किया गया है।

ट. जांच की अवधि सहित पिछले तीन वर्षो के आयातों का लेन-देन बार ब्यौरा उपलब्ध कराने के लिए वाणिज्यिक सूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय(डीजीसीआईएंडएस) को अनुरोध किया गया जो प्राधिकारी को प्राप्त हो गया है। प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा की गणना और अपेक्षित विश्लेषण लेन-देन की उचित जांच के बाद करने के लिए डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों पर विश्वास किया है।

ठ. सामान्य रूप से स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा पाटनरोधी के नियमावली के अनुबंध 3 के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत और उचित लाभ के आधार पर क्षति रहित कीमत (इसके पश्चात "एनआईपी" के रूप में संदर्भित) तय किया गया है ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

ड. घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का सत्यापन प्राधिकारी द्वारा स्थल पर दौरा और तालिका के अध्ययन के द्वारा आवश्यक सीमा तक किया गया था। आवश्यक संशोधनों के साथ केवल इस प्रकार की सत्यापित सूचना पर प्रारंभिक जांच परिणाम के उद्देश्यसे जहां भी लागू हुआ, विचार किया गया है।

ढ. वर्तमान जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि अक्तूबर, 2018 से जून, 2019 है। क्षति की अवधि में 2016-17, 2017-18 2018-2019 और जांच की अवधि शामिल है।

ण. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकरी ने जहां भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न की गई सूचना के रूप में माना गया है। जहां भी संभव हुआ आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकरों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराएं।

त. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान सूचना तक पहुंच दिये जाने से इंकार किया है अथवा अन्य प्रकार से आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है अथवा इस जांच में पर्याप्त रूप से बाधा पहुंचाई है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी के रूप में माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर वर्तमान प्रारभिक जांच परिणामों को रिकॉर्ड किया है।

थ. प्राधिकारी ने इस चरण में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना ओर दिए गए सभी तर्कों पर उस सीमा तक विचार किया हैजिस सीमा तक उसके समर्थन में साक्ष्य है और उसे वर्तमान जांच के लिए संगत माना गया है। इसके अलावा प्राधिकारी प्रारंभिक जांच परिणाम के बाद हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य संबंधी दस्तावेजों की जांच करेगा जो अंतिम जांच परिणामों के समय निष्कर्षों के लिए आधार बनेगा।

द. इस अधिसूचना में "***" गोपनीय आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत की गई तथा इस नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा उस प्रकार से मांगी गई सूचना का द्योतक है।

ध. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा लिया गया विनिमय दर 1 यूएस डॉलर =71.79 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

4. विचाराधीन उत्पाद जैसा कि जांच की शुरुआत की सूचना में उल्लेख किया गया है "0.72 डेसीमीटर प्रतिग्राम अथवा उससे अधिक के अंतरनिहित विसकोसिटी वाला "पोलीथीलीन टैरिफफेलेट रेसिन" के रूप में परिभाषित "वर्जिन पोलीथीलीन टैरिफफेलेट रेसिन(पीईटी) रेसिन" है। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में रिसाईकिल किया हुआ पीईटी रेसिन शामिल नहीं है। पीईटी रेसिन का उपयोग प्रीफोम्स के निर्माण के लिए किया जाता है जिसे इसके बाद खनिजजल, कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक, खाद्य तेल, फार्मास्युटिकल उत्पाद आदि के लिए जार और पीईटी बोतल में परिवर्तित किया जाता है।

5. 2 फरवरी, 2017 के पहले संबद्ध वस्तुओं का वर्गीकरण कोड 39076010 और 39076020 के अंतर्गत किए जाने योग्य था। 2 फरवरी, 2017 से, इस उत्पाद का वर्गीकरण बदल कर 39076100 और 39076910 में कर दिया गया था। एक जनवरी, 2020 को इस वर्गीकरण को आगे परिवर्तित कर 39076190 और 39076990 में कर दिया गया था। सीमा शुल्क वर्गीकरण और यह वर्तमान जांच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

6. किसी भी हितबद्ध पक्षकारों ने इस प्रारंभिक जांच परिणाम के प्रकाशन के विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है। प्राधिकारी ने प्रारंभिक जांच परिणामों के उद्देश्य से विचाराधीन उत्पाद के उसी क्षेत्र पर विचार किया है जिसे जांच की शुरुआत के समय परिभाषित किया था।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र एवं आधार

घ.1 घरेलू उद्योग का अनुरोध

7. घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये हैं:

i.याचिकाकर्ता अर्थात मैसर्स आईवीएल धनसेरि पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. और मैसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. भारत में संबद्ध वस्तुओं के दो सबसे बड़े उत्पादक हैं और उनका भारत में घरेलू उत्पादन का 51 प्रतिशत उत्पादन है।

ii.यद्यपि मै. आईवीएल धनसेरि पैट्रोकम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. अप्रत्यक्ष रूप से चीन से उत्पादक से संबंधित है फिर भी इस प्रकार के उत्पादक द्वारा निर्यातों की मात्रा संबद्ध देश से कुल आयातों और याचिकाकर्ता के उत्पादन और बिक्री तथा भारत में मांग की तुलना में मामूली है। इस कारण से उत्पादक को उस रूप में माना जाना चाहिए कि वह घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र है।

घ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों का अनुरोध

8. घरेलू उद्योग और आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

9. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को नीचे दिए गए अनुसार परिभाषित किया गया है:

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

10. यह आवेदन आईवीएल धनसेरि पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. और मैसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. द्वारा संयुक्त रूप से दायर किया गया है। मै.आईवीएल धनसेरि पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. कथित पाटित वस्तुओं के एक निर्यातक अर्थात मै. गुआंगडोंग आईवीएल पीईटी पोलिमर लि. से संबंधित है। हालांकि, संबंधित निर्यातक द्वारा निर्यातों की मामूली मात्रा पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली के आशय से मै.आईवीएल धनसेरि पैट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. को पात्र घरेलू उद्योग के रूप में माना है।

11. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग का हिस्सा कुल पात्र घरेलू उत्पादन का 91% है। इस कारण से आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग है और यह आवेदन नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

ड.बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव, सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

ड.1 घरेलू उद्योग का अनुरोध

12. घरेलू उद्योग द्वारा सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटिन मार्जिन के संबंध में किया गया अनुरोध नीचे दिया गया है:

क. केवल दिसंबर, 2016 तक अनुच्छेद 15(क) के उपयोग के लिए व्यवस्था वाले चीन के आरोहन संबंधी प्रोटोकॉल के अंतर्गत प्रावधान के बावजूद, संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों को यह प्रदर्शित करने के लिए आग्रह किया जाना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां चीन में उद्योग में प्रचलित है।

ख. यदि वे ऐसा करने में सक्षम नहीं हों तो चीन में संबद्ध वस्तुओं की लागत का निर्धारण उचित लाभ के साथ भारत में उत्पादन की लागत के आधार पर अवश्य किया जाना चाहिए।

ग. याचिकाकर्ता ने सीआईएफ कीमत ली है और निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए समुद्री भाड़े, समुद्री बीमा, कमीशन, पोर्ट संबंधी खर्च, अंतरदेशीय भाड़े और मूल्यवर्धित कर में अंतर से संबंधित समायोजन किया है।

घ. संबद्ध देश के लिए परिकलन की गई पाटन मार्जिन सकारात्मक और अत्यधिक है।

ड.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों का अनुरोध

13. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

14. धारा 9क(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा उपराधा- (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

(ख) परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

15. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी जिसमें उन्हें यह सलाह दी गई थी कि वे प्राधिकारी द्वारा निर्धारित रूप में और तरीके से सूचना उपलब्ध कराएं। निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्धारित प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत कर इस जांच में सहयोग किया है:

i. जियांगयिन चेनगोल्ड पैकेजिंग मैटेरियल्स कं. लि.

ii. चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगयिन) पैट्रोकेमिकल कं. लि.

iii. झेंगजियांग वानकई न्यू मेटिरियल्स

iv. जियांगसु जिंगये प्लास्टिक कं. लि.

v. जियांगयिन जिंगयु न्यू मैटिरियल कं. लि.

vi. जियांगसु कनफेम इंटरनेशनल ट्रेड कं., लि.

16. प्राधिकारी पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत सामान्य मूल्य की गणना से संबंधितनिम्नलिखित संगत प्रावधानों को भी नोट करते हैं। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 और 8 के अंतर्गत प्रावधान नीचे दिए गए अनुसार है:

"7. गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

8 (1) "गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश" वाक्यांश का अर्थ है कि ऐसा देश जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी लागत अथवा कीमत ढांचे के बाजार सिद्धान्तों को लागू नहीं करने वाले देश के रूप में मानते हैं, जिसके कारण ऐसे देश में पण्य वस्तुओं कि बिक्रियों उप पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार वस्तुओं के सही मूल्य को नहीं दर्शाती है।"

(2) यह कहना पूर्वनुमान लगाना होगा कि कोई देश जिसे जांच के पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी अथवा डब्लू .टी.ओ.के किसी सदस्य के समक्ष प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश निर्धारित अथवा माना गया है, एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। तथापि, गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश या ऐसे देश से संबंधित फर्म निर्दिष्ट-प्राधिकारी को सूचना तथा साक्ष्य उपलब्ध कराकर इस परिकल्पना को समाप्त कर सकते हैं जो यह साबित करता हो कि ऐसा देश उप पैरा (3) में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर एक गैर बाजार अर्थ-व्यवस्था वाला देश नहीं है।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी प्रत्येक मामले में निम्नलिखित मानदंड पर विचार करेंगे कि क्या: (क) ऐसे देश में कच्ची समग्रियों प्रौद्योगिकी लागत और श्रम, उत्पादन, बिक्रियों तथा निवेश सहित कीमतों, लागतों तथा निवेशों के संबंध में संबधित फर्म का निर्णय आपूर्ति तथा मांग को दर्शाने वाले बाजार संकेतों तथा इस संबंध में किसी विशिष्ट राज्य हस्तक्षेप के बिना होता है और यह कि क्या मुख्य निवेशों की लागतें वास्तविक रूप से बाजार मूल्यों को दर्शाती है ; (ख) ऐसी फर्मों की उत्पादन लागतों तथा वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर- बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से उठाये गये विशिष्ट विरूपणों के अधीन होती है, खासकर ऋणों की प्रतिपूर्ति द्वारा परिसम्पत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते वस्तु विनियम व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति के जरिए तथा भुगतान के संबंध में ; (ग) ऐसी फर्म दिवालियापन तथा सम्पति कानून के अधीन होती है जो कि फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता तथा स्थायित्व की गारंटी देता है ; (घ) विनियम दर के परिवर्तन बाजार दर पर किये जाते है ;

तथापि, जहां इस पैराग्राफ में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर लिखित रूप में पर्याप्त साक्ष्य दर्शाया जाता है कि पाटनरोधी जांच के अधीन एक अथवा ऐसी अधिक फर्मों के लिए बाजार स्थितियां लागू होती हैं, निर्दिष्ट प्राधिकारी पैरा 7 तथा इस पैरा में निर्दिष्ट सिद्धान्तों के पैरा 1 से 6 में निर्दिष्ट सिद्धान्तों को लागू कर सकते है।

(4)उप पैराग्राफ (2) में किसी बात के होते हुए भी, निर्दिष्ट प्राधिकारी जो संगत मापदंड के अद्यतन विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ऐसे देश को बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मान सकते हैं जिसमें उप पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट मापदंड में किसी सार्वजनिक दस्तावेज में ऐसे मूल्यांकन का प्रकाशन शामिल हो, जिसे विश्व व्यापार संगठन के किसी सदस्य देश द्वारा पाटनरोधी जाँच के प्रयोजनार्थ बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माने जाने के लिए माना या निर्धारित किया हो"

17. जांच की शुरुआत के संबंध में, प्राधिकारी ने गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में चीन जनगण को मानते हुए इस अनुमान के साथ कार्यवाही की। जांच की शुरुआत किए जाने पर प्राधिकारी ने चीन जनगण के उत्पादकों/निर्यातकों को जांच की शुरुआत से संबंधित सूचना का उत्तर दिए जाने के संबंध

में सलाह दी और इस तथ्य के निर्धारण से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने की सलाह दी कि क्या उनके आंकड़े/सूचना सामान्य मूल्य के निर्धारण के उद्देश्यसे लिए जा सकते हैं। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत सूचना उपलब्ध कराने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव/पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं।

18. विश्व व्यापार संगठन में चाइनीज एसेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"जीएटीटी का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता, 1994 ("पाटनरोधी समझौता") के अनुच्छेद-VI के कार्यान्वयन पर समझौता तथा एससीएम समझौता निम्नलिखित के अनुरूप डब्ल्यूटीओ सदस्यों में चीन मूल के आयातों वाली कार्यवाहियों पर लागू होंगे:

(क) जीएटीटी के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी समझौते के तहत मूल्य की तुलना का निर्धारण करने में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित के आधार पर चीन में घरेलू मूल्यों अथवा लागतें के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

19. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि चीन का का एक्सेसर प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 (क) (2) के प्रावधान 11 दिसंबर, 2016 से समाप्त हो गए हैं, एक्सेसन प्रोटोकॉल के 15(क)(i) के अंतर्गत दायित्व के साथ पठित पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.1.1.1 के अंतर्गत प्रावधान में एमईटी दर्जा का दावा करने के लिए पूरक प्रश्नावली में उपलब्ध कराए जाने के लिए सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट किए जाने के लिए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड अपेक्षित हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. के छोड़कर, चीन जनगण के किसी भी अन्य उत्पादक/निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव/पूरक प्रश्नावली उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। इन अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य की गणना को पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार विवेचना किया जाना अपेक्षित है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने बाद के पैराओं में यथा स्पष्ट किए गए कारणों से जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. को बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव नहीं देने के लिए अनंतिम रूप से निर्धारित किया है।

ड.4 सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

ड.4.1 जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. का एमईटी दर्जा का मूल्यांकन और इसके सामान्य मूल्य की गणना।

20. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. ने पूरक बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव (एमईटी) उत्तर प्रस्तुत कर बाजार अर्थव्यवस्था दर्जा का दावा किया है।

21. वर्तमान मामले में प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैं जियांगवेन चेनसिंग इंडस्ट्रियल ग्रुप लि. (चेनसिंग ग्रुप) जो जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. को नियमंत्रित करता है, ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। एमईटी के दावे का उत्तर निर्णय करने, खरीद की लागत और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 (3) के अंतर्गत निर्यातक की वित्तीय स्थिति का आंकलन करने के लिए एक समूह के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रस्तुत किया गया अपूर्ण उत्तर जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. को बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे की व्यापक जांच और सिद्ध करने में सक्षम नहीं बना सकता है। इस कारण से प्राधिकारी ने जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. जिन्होंने बाजार

अर्थव्यवस्था बर्ताव का दावा किया है सहित बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव के लिए योग्य न होने के रूप में चीन जन गण के सभी उत्पादकों/निर्यातकों पर विचार करने के लिए अनंतिम रूप से निर्णय लिया है।

22. इस कारण से सामान्य मूल्य का निर्धारणा पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 के आधार पर किया गया है। तद्नुसार प्राधिकारी ने इस नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 में निर्धारित पदानुक्रम केअनुसार सामान्य मूल्य की संरचना के विकल्प की तलाश की जिसमें यह प्रावधान है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा संरचित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित अन्य देशों को इस प्रकार के तीसरे देश से कीमत के आधार पर निर्धारित किया जाएगा अथवा जहां यह संभव नहीं हो वहां किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर जिसमें तमाम उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में भुगतान की गई अथवा भुगतान किए जाने योग्य कीमत जिसे उचित लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए आवश्यकता होने पर विधिवत समायोजित किया गया हो, के आधार पर किया जाना चाहिए।

23. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग सहित किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश अथवा भारत सहित अन्य देशों को इस प्रकार के तीसरे देश से कीमत में संरचित मूल्य अथवा कीमत के संबंध में सूचना उपलब्ध कराई है। चूंकि बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में लागत अथवा कीमत या भारत सहित अन्य देशों को इस कार के तीसरे देश से कीमत के संबंध में रिकॉर्ड पर कोई सूचना नहीं है अत: सामान्य मूल्य का निर्धारण उसके आधार पर नहीं किया जा सकता है। तद्नुसार, सामान्य मूल्य का निर्धारण अनुबंध 1 के पैरा 7 के संबंध में भारत में भुगतोन की गई कीमत अथवा किए जाने योग्य कीमत के आधार पर निर्धारण किया गया है। इस कारण से प्राधिकारी ने 5 प्रतिशत की दर से उचित लाभ मार्जिन को जोड़ने के साथ बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक खर्च के लिए विधिवत समायोजित भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। इस प्रकार से संरचित सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

ड. 4.2 सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

क. चेनसिंग ग्रुप

24. जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिकल कं. लि., चेनिसंग ग्रुप की सहायक कंपनी सूचीबद्ध कंपनियां हैं और वे संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन और बिक्रियों में लगे हुए हैं। जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल कं. लि. दोनों ने चीन में अपनी घरेलू बिक्री के आधार पर "सामान्य मूल्य" की गणना करने के लिए बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव का दावा किया है। उपर्युक्त दोनों कंपनियां प्रमुख साझा शेयर होल्डर अर्थात मै. जियांगविन चेनसिंग इंडस्ट्रियल ग्रुप कंपनी लि. के द्वारा एक दूसरे से संबंधित हैं। प्राधिकारी ने समग्र ग्रुप के लिए उत्तर को पूरा करने तथा उत्पादन की लागत के संबंध में कुछ पूरक आंकड़े भी देने के लिए साझा शेयर होल्डर के वास्ते निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने हेतु उत्पादक/निर्यातक समूह से अनुरोध किया। उत्पादक/निर्यातक ने यह कहा है कि मूल कंपनी विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) के उत्पादन अथवा बिक्री में शामिल नहीं हैं तथा निर्यातक एवं उनकी मूल कंपनी के लिए निर्धारित क्रियाकलापों के क्षेत्र के बीच स्पष्ट अंतर है और यह दर्शाया गया है कि

मूल कंपनी का विचाराधीन उत्पाद के लिए पृथक औरअसंबंधित प्रचालन है। उत्पादक/निर्यातक ने यह भी स्पष्ट किया है कि इसका उल्लेख उनके द्वारा पहले प्रस्तुत किए गए समूह की विश्वव्यापी संरचना के भाग के रूप में भी किया गया था। इस कारण से चूंकि मूल कंपनी विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन अथवा बिक्री में शामिल नहीं है तथा निर्यातक की निदेशक बोर्ड में बोर्ड के सदस्यों के रूप में मूल कंपनी के किसी शेयर होल्डर के न होने के कारण इस कंपनी पर इसके पृथक उत्तर की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

25. प्राधिकारी शेयर होल्डिंग कंपनी के द्वारा एक पृथक उत्तर के बिना एम ई टी के लिए अपने उत्तर पर विचार करते हुए उत्पादक/निर्यातक के अनुरोधों को नोट करने के बाद यह मानते हैं कि संबंधित कंपनियों के मामले में "सामान्य मूल्य" का मूल्यांकन समूह के लिए समग्र रूप में किया जाता है । उस मामले में जहां एम ई टी के दर्जे का दावा समूह की संबंधित कंपनियों द्वारा किया जाता है, तब पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा-8 में निर्धारित मानदंडों को व्यापक रूप से समग्र समूह के लिए पूरा किया जाना अपेक्षित है और इस कारण से समूह का पूर्ण उत्तर आवश्यक है । इसके अलावा, उत्पादक/निर्यातक से यह अनुरोध किया गया था कि वे उत्पादन की लागत संबंधी ब्यौरे जो उसमें नहीं दिया गया था और जिसे उन्होंने हाल में उपलब्ध कराया है, उपलब्ध कराएं । हालांकि बाजार संकेतों के अनुसार एक दूसरे को प्रभावित किए बिना कच्चे माल और युटिलिटी की खरीद कीमत के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है । इस कारण से प्राधिकारी ने आरंभिक जांच परिणाम के उद्देश्य से उत्पादक समूह को एमईटी और अलग-अलग सामान्य मूल्य देने पर विचार नहीं किया है । उत्पादक/ निर्यातक के उपर्युक्त उत्तरों और अनुरोधों की जांच अंतिम जांच परिणाम के चरण में एमईटी और अलग-अलग सामान्य मूल्य के दावे की संगत पाटनरोधी नियमावली के अनुसार जांच की जाएगी ।

(क) <u>सामान्य मूल्य</u>

26. ऊपर में किए गए उल्लेख के अनुसार जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि.ने बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव का दावा किया है। बूटास चेनसिंग समूह ने ऊपर में किए गए अनुसार निदेशालय द्वारा मांगी गई सूचना का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया, जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. के बाजार अर्थव्यवस्था का इस चरण में स्वीकार नहीं किया जाता है। सामान्य मूल्य की संरचना ***यूएस डालर/मी.टन के रूप में की गई है, जैसाकि पैरा 23 में ऊपर उल्लेख किया गया है।

(ख) <u>निर्यात कीमत</u>

27. जांच की अवधि के दौरान, जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. नेसंबद्ध वस्तुओं का ***मी.टन निर्यात किया है। निर्यातकों ने कारखानागत कीमत का निर्धारण करने में व्यापारी द्वारा समुद्री बीमा,कमीशन, पोत परिवहन लागत और लाभ के आधार पर समायोजनों का दावा किया है। जियांगवेन चेन गोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगवेन) पेट्रोकेमिल लि. द्वारा आवश्यक समायोजनों के पश्चात् निर्यात किए गए संबद्ध वस्तुओं के भारित औसत कारखानागत मूल्य की गणना ***यूएस डॉलर प्रति मी.टन के रूप में की गई है। पहुंच मूल्य की गणना ***यूएस डॉलर प्रति मी.टन के रूप में की गई है।

ख. झेजियांग वांनकई न्यू मैटिरियल्स कंपनी लि. का सामान्य मूल्य

(क) सामान्य मूल्य

28. उत्पादक/उत्पादक ने बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव का दावा नहीं किया है और तद्नुसार ऊपर में दिए गए विवरण के अनुसार अनुबंध 1 के पैरा 7 केअनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है। सामान्य मूल्य की संरचना ऊपर पैरा 3 में किए गए उल्लेख के अनुसार ***डॉलर प्रति मी.टन के रूप में की गई है।

(ख) निर्यात कीमत

29. जांच की अवधि के दौरान, जेजियांग वांगकाई न्यू मैटिरियल्स क. लि. ने भारत को संबद्ध वस्तु का ***मी.टन का निर्यात किया है। निर्यातक ने निर्यातक कीमत के निर्धारण में समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतरदेशीय भाडा, ऋण लागत, बैंक प्रभार, पोर्ट संबंधी खर्च के आधार पर समायोजनों का दावा किया है। संबद्ध वस्तुओं के कारखानागत निर्यात कीमत निर्यात द्वारा दी गई सूचना के अनुसार समायोजनों की अनुमति देते हुए ***प्रति मी.टन होता है। पहुंच मूल्य की गणना ***प्रति मी.टन के रूप में की गई है।

ग. जियांगसु जिंगवे प्लास्टिक कं. लि., जियांगविन जिंगव्यू न्यू मैटिरियल कं. लि. और जियांगसु सनफेम इंटरनेशनल ट्रेड कं. लि.

(क) सामान्य मूल्य

30. उपर्युक्त तीन संबंधित उत्पादकों/निर्यातकों ने बाजार अर्थव्यवस्था बर्ताव का दावा नहीं किया है और तद्नुसार उपर्युक्त पैरा 23 में दिए गए अनुसार अनुबंध 1 के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है। सामान्य मूल्य की संरचना ***डॉलर प्रति मी.टन के रूप में कीगई है।

(ख) निर्यात कीमत

31. जांच की अवधि के दौरान,जियांगसु जिंगवे प्लास्टिक कं. लि., जियांगविन जिंगव्यू न्यू मैटिरियल कं. लि. और जियांगसु सनफेम इंटरनेशनल ट्रेड कं. लि. ने भारत को प्रत्यक्ष रूप से तथा एक असंबंधित निर्यातक के माध्यम से ***मी.टन की सीमा तक संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। निर्यात कीमत के निर्धारण में समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतरदेशीय भाड़ा, पोर्ट संबंधी खर्च, बैंक प्रभार, ऋण लागत और गैर प्रतिदाय मूल्यवर्धित कर जहां भी खर्च हुआ हो, के आधार पर निर्यातकों ने समायोजन का दावा किया है। संबद्ध वस्तुओं के लिए कारखानागत निर्यात कीमत निर्यातक द्वारा दावा किए गए समायोजनों की अनुमति देते हुए ***यूएस डॉलर प्रति मी.टन होता है। पहुंच मूल्य की गणना ***डॉलर प्रति मी.टन के रूप में की गई है।

ड. 5. गैर सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

32. चीन जन गण के अन्य गैर सहयोगी निर्यातकों के निर्यात मूल्य/निर्यात कीमत का निर्धारण सहयोगी निर्यातकों के लिए जांच किए गए आंकड़ों पर विचार करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है:

ड.6 पाटन मार्जिन का निर्धारण

33. संबद्ध वस्तुओं के लिए, सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन का अनंतिम रूप से निर्धारण निम्नलिखित रूप से किया गया है:

क्र.सं.	उत्पादक	सामान्य मूल्य(डा./ प्रति.मी.टन)	निर्यात कीमत (डा./प्रति.मी.टन)	पाटन मार्जिन (डा./प्रति.मी.टन)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज %)
1.	जियांगयिन चेनगोल्ड पैकेजिंग मैटिरियल्स कं. लि. और चाइना प्रोसपेरिटी (जियांगयिन पैट्रोकेमिकल्स कं. लि.	***	***	***	***	20-40
2.	जियांगसु जिंगये प्लास्टिक कं. लि., जियांगयिन जियांगयु न्यू मैटिरियल कं. लि. और जियांगसु सनफेम इंटरनेशनल ट्रेड कं., लि.	***	***	***	***	0-20
3.	झेजियांग वानकई न्यू मैटिरियल्स	***	***	***	***	0-20
4.	कोई अन्य उत्पादक/निर्यातक	***	***	***	***	20-40

च. क्षति और कारणात्मक संबंध की जां

च.1 घरेलू उद्योग का अनुरोध

34. घरेलू उदद्योग द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए है:

क. संबद्ध देश से आयातों में जांच की अवधि के दौरान बहुत तेजी से वृद्धि हुई है।

ख. आयातों में मांग की तुलना में बहुत तेज गति से वृद्धि हुई है।

ग. कुल आयातों में संबद्ध आयातों का हिस्सा क्षति की अवधि के दौरा 61 प्रतिशत से 94 प्रतिशत हो गया है।

घ. संबद्ध आयातों के कारण जांच की अवधि में कीमत में कटौती में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग की कीमतों में बहुत अधिक कटौती हो रही है।

ड. लागत वही रहने के बावजूद याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत को कम करने के लिए मजबूर हो गया था। इस कारण से आयातों का याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग की कीमतों पर न्यूनकारी प्रभाव पड़ा है।

च. घरेलू क्षमता में वृद्धि के बावजूद संबद्ध आयातों की तुलना में घरेलू उत्पादन में कमी आई है।

छ. जबकि घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, यह मांग में वृद्धि के अनुपात में नहीं हुआ है।

ज. घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा जांच की अवधि के दौरान 80 प्रतिशत से गिरकर 64 प्रतिशत हो गया।

झ. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग के लाभ में 2017-18 में वृद्धि हुई परन्तु बाद की अवधि में इसमें तेजी से गिरावट आई। घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में नकद लाभ और निवेश पर आय के मामले में गिरावट आई है।

य. जबकि याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग उत्पादन और बिक्री के मामले में सकारात्मक वृद्धि प्राप्त करने में सक्षम रहा है, इस प्रकार की वृद्धि मांग में वृद्धि के अनुपात में नहीं है। इसके अलावा, इसकी स्थिति में जांच की अवधि में बाजार हिस्से, लाभप्रदता, नकद लाभ और निवेश के मामले में गिरावट आई है।

ट. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर ब्याज कवरेज अनुपात में गिरावट के साथ प्रतिकूल रूप से प्रभाव पड़ा है।

च.2 निर्यातकों/आयातकों/प्रयोक्ताओं/ व्यापारियों का अनुरोध

35. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

36. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और रिकॉर्ड पर उपलब्धतथ्यों तथा लागू कानूनों पर विचार करते हुए इसका विश्लेषण किया है। प्राधिकारी द्वारा यहां नीचे किए गए क्षति संबंधी विश्लेषण वास्तव में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है।

37. अनुबंध-II के साथ पठित नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..." घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास हुआ है अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाती जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर विचार नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है।

च.3.1 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रा संबंधी प्रभाव

क. मांग/स्पष्ट खपत का आंकलन

38. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के उद्देश्य से भारत में इस उत्पाद की मांग अथवा स्पष्ट खपत पर भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयातों के योग्य के रूप में विचार किया है:

विवरण	यूनिट	2016-17	2017-18	2018-19	जांच की अवधि (अक्तूबर,18-जून,19)	जांच की अवधि वार्षिकी
घरेलू उद्योग	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवत्ति	सूचीबद्ध	100	120	122	89	118
अन्य उत्पादक	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	165	137	136	181
संबद्ध आयात	मी.टन	***	***	***	***	***
अन्य आयात	मी.टन	***	***	***	***	***
कुल मांग	मी.टन	8,19,671	10,47,635	10,88,175	9,02,226	12,02,968
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	128	133	110	147

39. यह देखा गया है कि इस उत्पाद के लिए मांग में क्षति की अवधि के दौरान सतत रूप से वृद्धि हुई है।

ख. <u>संबद्ध देश से आयात की मात्रा</u>

40. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे तथ्य पर विचार करें कि क्या पाटित आयातों में या तो स्वतंत्र रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। क्षति के विश्लेषण के उद्देश्य से प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त लेन-देनवार आयात संबंधी आंकड़े पर विश्वास किया है।

विवरण	यूनिट	2016-17	2017-18	2018-19	जांच की अवधि (अक्तूबर, 18-जून,19)	जांच की अवधि वार्षिकीकृत
संबद्ध आयात	मी.टन	42,718	88,247	1,47,601	1,81,979	2,42,638
अन्य आयात	मी.टन	***	***	***	***	***
निम्नलिखित की तुलना में आयात						
घरेलू उत्पादन	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	185	297	497	497
खपत	%	***	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	162	260	387	387
कुल आयात	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	135	148	154	154

41. यह देखा गया है कि:

क. संबद्ध आयातों में क्षति की अवधि के दौरान पर्याप्त रूप से वृद्धि हुई है जबकि अन्य देशों से आयातों में गिरावट आई है।

ख. संबद्ध आयातों में भी भारत में सकल आयातों, घरेलू उत्पादन और खपत की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

च. 3.2 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत संबंधी प्रभाव

42. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में इस तथ्य का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पादों की कीमत की तुलना में कथित पाठित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमतों पर दबाव पड़ेगा अथवा कीमतों में वृद्धि रुकेगी जो अन्य प्रकार से सामान्य प्रक्रिया में हुई होती। संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत में कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत न्यूनीकरण और कीमत ह्रास के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के उद्देश्य से घरेलू उद्योग की उत्पादन की लागत, निबल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों की पहुंच कीमत से की गई है।

क. कीमत में कटौती

43. कीमत में कटौती के विश्लेषण के उद्देश्य से घरेलू उद्योग की निबल बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देश से आयातों की पहुंच मूल्य से की गई है। जबकि घरेलू उद्योग की निबल बिक्री कीमत की गणना करते समय सभी करों, छूट, बट्टा और कमीशन की कटौती की गई है और कार्य के पूर्व स्तर पर बिक्री प्राप्ति का निर्धारण पाटित आयातों की पहुंच मूल्य से तुलना करने के लिए की गई है। तद्नुसार, संबद्ध देश से पाटित आयातों की कटौती संबंधी प्रभाव नीचे दिए गए अनुसार तय की गई है:

विवरण	**यूनिट**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**जांच की अवधि (अक्तूबर,18-जून,19)**
निबल बिक्री प्राप्ति	रु./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	135	126
पहुंच कीमत	रु./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	138	133
कीमत में कटौती	रु./मी.टन	***	***	***	***
कीमत में कटौती	%	14.71	11.55	11.44	8.55

44. यह देखा गया है कि संबद्ध आयात इस बाजार में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से बहुत कम कीमत पर हो रहे हैं। इन आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है।

ख. <u>कीमत न्यूनीकरण और ह्रास</u>

45. इस तथ्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से कि पाटित आयातों के कारण घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ रहा है और यह कि इस प्रकार के आयातों के प्रभाव के कारण कीमतों पर बहुत अधिक हद तक दबाव पड़ेगा और कीमत में वृद्धि रुक जाएगी जो अन्य प्रकार से सामान्य प्रक्रिया में हुई होती, क्षति की अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में परिवर्तन की तुलना नीचे दिए गए अनुसार की गई थी

विवरण	**यूनिट**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**जांच की अवधि (अक्तूबर,18-जून,19)**
बिक्री की लागत	रु./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	132	125
बिक्री की कीमत	रु./मी.टन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	135	126

46. यह देखा गया है कि जबकि घरेलू उद्योग 2018-2019 तक बिक्री की लागत में वृद्धि से अधिक अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि करने में सक्षम हुआ था, बिक्री की लागत और बिक्री की कीमत दोनों में जांच की अवधि में गिरावट आई। हालांकि बिक्री की कीमत में गिरावट की तुलना में बहुत अधिक थी। इन आयातों के कारण जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव पड़ा था।

ग.<u>कम कीमत पर बिक्री</u>

47. घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत (एनआईपी) का निर्धारण और तुलना कम कीमत पर बिक्री की सीमा पर पहुंचने के लिए संबद्ध वस्तुओं की पहुंच मूल्य से की गई है। विचाराधीन उत्पाद के एनआईपी का निर्धारण इस नियमावली के अनुबंध III में उल्लिखित सिद्धांतों के आधार पर जांच की अवधि के लिए उत्पादन की लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को लेकर किया गया है। यह विश्लेषण दर्शाता है कि जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत से कम है जिसे कम कीमत पर बिक्री के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हुए नीचे तालिका में देखा जा सकता है:

विवरण	**यूनिट**	**विषयदेश**
क्षति रहित कीमत(एनआईपी)	₹/MT	***
पहुंच मूल्य	₹/MT	85,911
क्षति मार्जिन	₹/MT	***
क्षति मार्जिनअ	%	0-20

48. यह देखा गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित एनआईपी की तुलना में कम थी।

च.3.3. घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड

49. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के उत्पादों का पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच शामिल होगी। इस प्रकार के उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और सूचकांक को जिसका इस उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो और जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता का उपयोग शामिल हो: घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारकों, पाटन के मार्जिन का आकार, नकद प्रवाह, माल भंडार, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश प्राप्त करने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल है, का वस्तुपरक तथा निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

50. प्राधिकारी ने अपने अनुरोधों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों और विभिन्न पक्षों पर वस्तुपरक तरीके से विचार करते हुए क्षति संबंधी मानदंडों की जांच की।

क.उत्पादन,क्षमता, क्षमता का उपयोग और बिक्री

51. क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	यूनिट	2016-17	2017-18	2018-19	जांच की अवधि (अक्तूबर,18 -जून,19)	जांच की अवधि वार्षिकीकृत
क्षमता	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	75	100
उत्पादन – विचाराधीन उत्पाद	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	114	84	111
उत्पादन – संयंत्र	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	114	83	110
क्षमताका उपयोग	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	114	110	110
घरेलू बिक्री	मी.टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	120	122	89	118

52. यह देखा गया है कि जबकि यह क्षमता क्षति की अवधि के दौरान स्थिर रही है, उत्पादन, क्षमता का उपयोग और बिक्री में 2018-19 तक वृद्धि हुई है। यद्यपि वह मांग में वृद्धि के अनुपात में नहीं है। हालांकि जांच की अवधि के दौरान उत्पादन, क्षमता का उपयोग और बिक्री में गिरावट आई, यद्यपि संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई। जबकि मांग में 47 प्रतिशत तक वृद्धि हुई, घरेलू उद्योग की बिक्री में केवल 18 प्रतिशत तक वृद्धि हुई।

ख. बाजार का हिस्सा

53. घरेलू उद्योग का बाजार का हिस्सा नीचे दर्शाई गई तालिका के अनुसार था।

विवरण	**यूनिट**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**जांच की अवधि वार्षिकीकृत**
संबद्ध देश	%	5.21	8.42	13.56	20.17
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	162	260	387
अन्य देश	%	3.26	1.70	1.30	1.16
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	52	40	36
घरेलू उद्योग	%	80.18	75.21	73.42	64.69
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	94	92	81
अन्य उत्पादक	%	11.35	14.67	11.71	13.98
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	129	103	123

54. यह देखा गया है कि संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में क्षति की अवधि के दौरान बहुत अधिक वृद्धि हुई जबकि याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि घरेलू उत्पादकों ने संबद्ध देश से आयातों का बाजार खो दिया है।

ग. लाभप्रदता,निवेश पर आय और नकद लाभ

55. घरेलू उद्योग की क्षति की अवधि के दौरान लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	यूनिट	2016-17	2017-18	2018-19	जांच की अवधि (अक्तूबर,18 -जून,19)	जांच की अवधि वार्षिकीकृत
बिक्री कीमत	रु./मीटन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	135	126	126
बिक्री की लागत	रु./मीटन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	132	127	127
लाभ/(हानि)	रु./लाख	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	प्रवृत्ति	100	215	211	79	79
लाभ/(हानि)	रु./लाख	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	257	256	70	94
नकद लाभ	रु./लाख	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	203	196	66	88
लगाई गई पूंजी पर लाभ	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	245	221	93	93

56. देखा गया कि:

क. घरेलू उद्योग का लाभ जो 2017-18 तक बढ़ रहा था, 2018-19 में उसमें गिरावट आ गई और जांच की अवधि में वह 50 प्रतिशत से अधिक गिर गया।

ख. घरेलू उद्योग के नकद लाभ में 2017-18 तक वृद्धि हुई, 2018-19 में आंशिक गिरावट आई और जांच की अवधि के दौरान उसमें तेजी से गिरावट आई।

ग. घरेलू उद्योग की नियोजित पूंजी पर लाभ जां 2017-18 तक बढ़ रही थी में,2018-19 में मामूली रूप में गिरावट आई और जांच की अवधि में बहुत अधिक मात्रा में गिरावट आई।

घ. रोजगार, वेतन और उत्पादकता

57. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता के संबंध में नीचे दी गई सूचना की जांच की है:

विवरण	यूनिट	2016-17	2017-18	2018-19	जांच की अवधि (अक्तूबर,18 -जून,19)	जांच की अवधि वार्षिकीकृत
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	97	97	97
